web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 05 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 308

# छत्तीसगढ़ में हो रही लगातार बारिश, मौसम विभाग ने 19 जिलों में भारी बारिश होने की जारी की चेतावनी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है. बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं. इसके चलते शहर के मुख्य मार्ग और गली-मोहल्लों में भी पानी भर गया है।

प्रदेश के कई हिस्सों में रूक-रूककर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है. बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. रायपुर समेत 19 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है.

मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर संभावना जताई है कि अगले 3 घंटों में बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कबीरधाम, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, मुंगेली, नारायणपुर, रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा में कुछ स्थानों पर मध्यम तीव्रता की भारी बारिश हो सकती है.

मौसम विभाग के मुताबिक अभी आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा. अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा. इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी. मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगस्त माह में भरपूर वर्षा होने के आसार है।

## लगातार बारिश से सभी बांधों में जलस्तर बढ़ा

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से राज्य के 12 बड़े प्रमुख जलाशय में 78.51 और 34 मध्यम जलाशय में 77.86 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इस तरह राज्य के बड़े और मध्यम जलाशयों में कुल 6360.23 मिलीयन क्यूबिक मीटर के विरुद्ध 4986.93 मिलीयन क्यूबिक मीटर जल भराव हो चुका है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बड़े जलाशयों में शामिल मुंगेली जिले के मनियारी जलाशय में शत प्रतिशत जल भराव हो चुका है।इसी तरह कोरबा जिले के मिनीमाता-बांगो, बालोद के तांदुला, कांकेर के दुधावा, बिलासपुर के खारंग और गरियाबंद के सिकासेर में 80 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है। धमतरी के रविशंकर जलाशय(गंगरेल) में 75.20 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक होने के कारण कुछ बांधों से पानी भी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मध्यम जलाशय में शामिल बालोद के खरखरा, कबीरधाम के छिरपानी, राजनांदगांव के पिपरिया नाला, दुर्ग के खपरी जलाशय में शत प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इसी तरह बालोद के गोंदली, कबीरधाम के सुतियापाट और कर्रानाला, राजनांदगांव के मटियामोती और धारा, कोरिया के झुमका तथा सरगुजा के बरनई जलाशय में 90 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है। इसके अलावा राजनांदगांव के रुसे और घुमरिया, रायपुर के पेंड्रावन, सरगुजा के कुंवरपुर, कबीरधाम के सरोदा, बलौदाबाजार के बलार और रायगढ़ के केदार में 75 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 602.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 602.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 04 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1049.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 282.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 545.3 मिमी, बलरामपुर में 483.0 मिमी, जशपुर में 476.7 मिमी, कोरिया में 590.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 600.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 711.8 मिमी, बलौदाबाजार में 599.2 मिमी, गरियाबंद में 852.6 मिमी, महासमुंद में 652.4 मिमी, धमतरी में 620.3 मिमी, बिलासपुर में 620.2 मिमी, मुंगेली में 781.9 मिमी, रायगढ़ में 665.3 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 525.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 487.3 मिमी, सक्ती में 488.6 मिमी, कोरबा में 600.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 561.2 मिमी, दुर्ग में 486.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 481.0 मिमी, राजनांदगांव में 677.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 775.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 624.8 मिमी, बालोद में 671.3 मिमी, बेमेतरा में 467.1 मिमी, बस्तर में 630.1 मिमी, कोण्डागांव में 463.7 मिमी, कांकेर में 551.6 मिमी, नारायणपुर में 542.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 725.3 मिमी और सुकमा में 863.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की इंजन में आई गड़बड़ी, पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**पटना (आरएनएस)।** पटना हवाई अड्डे से दिल्ली जा रही इंडिगो के एक विमान को शुक्रवार को उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इंजन में गड़बड़ी का पता चलने के बाद पायलट ने विमान को वापस सुरक्षित उतार लिया। इस विमान के सभी यात्री सुरक्षित बताए जाते हैं। पटना जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6ई 2433 ने उड़ान के कुछ ही मिनटो के बाद इंजन में गड़बड़ी की सूचना दी। इस दौरान विमान के यात्री सहम गए लेकिन विमान को तत्काल वापस पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतारा गया। एयरपोर्ट पर अन्य सभी विमानों के परिचालन सामान्य हैं। इस फ्लाइट में करीब 180 यात्री सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित बताए जाते हैं।

### सीबीएसई ने जारी किए 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के नतीजे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट सीबीएसईडॉटएनआईसी.ईन और सीबीएसईरिजल्टडॉटएनआईसी.ईन पर चेक कर सकेंगे। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा 17 जुलाई से 22 जुलाई 2023 तक आयोजित की थी।

**ऐसे चेक करें अपना रिजल्ट** -दसवीं कक्षा का पूरक परिणाम डाउनलोड लिंक खोलें। -स्कूल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी और रोल नंबर दर्ज करें। -लॉग इन करें और अपने अंक जांचें। बता दें, सीबीएसई बोर्ड ने हाल ही में 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परिणाम की घोषणा की थी। इस परीक्षा के लिए कुल मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1,207,42 छात्र- छात्राएं उपस्थित हुए थे। इनमें से केवल 57,331 ने परीक्षा उत्तीर्ण हुए थे।


### गाजियाबाद की सोसाइटी में टमाटर खरीदने के लिए लगी लंबी लाइन, दूसरी ओर हुई मारपीट

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** टमाटर के दाम ने लोगों के होश उड़ा रखे हैं। एक तरफ लोगों को सस्ता टमाटर मिल सके इसलिए गाजियाबाद नगर निगम ने कई सोसाइटी में 130 रुपए किलो टमाटर बेचने की व्यवस्था की है। दूसरी ओर गाजियाबाद के बाजार में टमाटर को लेकर खरीदार और दुकानदार में जमकर मारपीट हुई। जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। गाजियाबाद स्थित महागुन पुरम में नगर निगम की तरफ से 130 रुपये किलो टमाटर बेचे गए। जिसके लिए लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान टमाटर खरीदने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देखकर यहां टमाटर बेचने वाले लोगों के हाथ पांव फूल गए। जिसके बाद उन्होंने महिलाओं को लाइन में लगाकर टमाटर बेचे। इस दौरान 100 मीटर लंबी लाइन देखने को मिली। दूसरी तरफ क्रॉसिंग रिपब्लिक में टमाटर के दाम को लेकर एक महिला ने दुकानदार की पिटाई करवा दी। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में एक महिला दुकानदार से टमाटर लेने पहुंची। उसने ढाई सौ ग्राम टमाटर लिए तो उसमें चार टमाटर चढ़े। इसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई, कुछ देर बाद महिला एक पुरुष के साथ वापस लौटी और दुकानदार से मारपीट शुरू कर दी। पूरा विवाद टमाटर के दाम को लेकर हुआ। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

### इंडिया के नेताओं ने संसद में की बैठक, मणिपुर पर फिर मांगा पीएम का बयान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस यानि इंडिया पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को संसद में बैठक की और एक बार फिर मणिपुर हिंसा पर दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग पर जोर देने का फैसला किया। 'इंडिया' नेताओं की बैठक राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में हुई। बैठक के दौरान संसद में प्रधानमंत्री के बयान की मांग करने का निर्णय लिया गया। 'इंडिया' की पार्टियां मणिपुर हिंसा पर संसद के दोनों सदनों में पीएम मोदी के बयान की मांग कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा की भी मांग की है।

## अब पंजाब राजभवन में भी नहीं होगा टमाटर का इस्तेमाल, राज्यपाल ने लगाई रोक



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** टमाटर के दाम एक बार से आसमान छू रहे हैं। दाम में बढ़ोतरी के कारण टमाटर घरों की रसोई से लेकर रेस्तरां से भी गायब हो गए है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। अब पंजाब राजभवन में भी टमाटर का इस्तेमाल नहीं किया जाएगी। टमाटर की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने पंजाब राजभवन में टमाटर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस संबंध में पंजाब राजभवन ने बयान जारी कर कहा है कि टमाटर की लगातार बढ़ती कीमतों के चलते राज्यपाल ने यह रोक लगाई है।

गौर हो कि कुछ हफ्तों से पंजाब और चंडीगढ़ के लोग टमाटर की कीमत में लगातार हो रही बढ़ोतरी से जूझ रहे हैं। टमाटर के बढ़ते दाम की वजह आपूर्ति में आ रही बाधा और जलवायु की परिस्थितियों को माना गया है। पंजाब की जनता से सहानुभूति दिखाने के लिए राज्यपाल ने यह फैसला किया है।

राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने कहा कि किसी वस्तु की खपत रोकने या कम करने से उसकी कीमत पर असर पडऩा तय है। मांग कम होने से कीमत अपने आप कम हो जाएगी। मुझे उम्मीद है कि लोग फिलहाल अपने घरों में मौजूद विकल्प पर विचार करेंगे और टमाटर की कीमतों में वृद्धि को कम करने में मदद करेंगे।

## जल प्रदूषण : कर्नाटक में मरने वालों की संख्या हुई चार, 149 अस्पताल में भर्ती



**चित्रदुर्ग (आरएनएस)।** चित्रदुर्ग जिले के कवाडीगरहट्टी में जल प्रदूषण मामले में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढक़र चार हो गई, साथ ही अस्पताल में भर्ती लोगों की संख्या भी 36 से बढक़र 149 हो गई है।

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जिन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनमें से कई की हालत गंभीर है। चित्रदुर्ग के बसवेश्वरा अस्पताल में भर्ती 50 वर्षीय रुद्रप्पा की आज सुबह उल्टी और दस्त के कारण मौत हो गई।

जल प्रदूषण की घटना 31 जुलाई को दर्ज की गई थी। चित्रदुर्ग के बाहरी इलाके कवाडीगरहट्टी के निवासी मंजुला (23) और रघु (27) की दूषित पानी पीने से मृत्यु हो गई थी और 36 अन्य बीमार पड़ गए थे। प्रवीण, जो 30 जुलाई को गांव में अपने रिश्तेदारों से मिलने गए थे, अगले दिन वड्डारसिद्दनहल्ली में उनकी मृत्यु हो गई।

चित्रदुर्ग से सांसद भारत के केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ए. नारायणस्वामी ने मृतक रुद्रप्पा के आवास का दौरा किया और परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

चित्रदुर्ग में लोगों ने प्रशासन और स्थानीय कांग्रेस विधायक के.सी. वीरेंद्र पप्पी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पुजारी शिवशरण हरलैया और दलित नेताओं के विरोध के बाद, विधायक पप्पी ने बसवेश्वर अस्पताल का दौरा किया।

115 लोगों को बसवेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और 34 लोगों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

पानी के सैंपल की एफएसएल रिपोर्ट में कोई जहरीला रसायन नहीं पाए जाने की पुष्टि हुई है। आरोप लगाया गया कि एक स्थानीय व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो मामला दर्ज होने के बाद शरारती तत्वों ने पानी में जहर मिला दिया होगा। हालांकि, रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि यह त्रासदी पानी के दूषित होने के कारण हुई है।

मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने एईई आर. मंजूनाथ गिराड्डी और जेई एसआर किरण कुमार को निलंबित करने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट भेज दी है। कवाडीगरहट्टी में वॉल्व ऑपरेटर के रूप में काम करने वाले प्रकाश को भी जिला आयुक्त ने निलंबित कर दिया।

## झारखंड में पेपर लीक और नकल रोकने के बिल पर बवाल

❑ **राज्यपाल से मिले भाजपा विधायक**

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और नकल पर रोक लगाने के लिए सख्त सजा और जुर्माने के बिल पर राज्य में सियासी बवाल जारी है। भाजपा विधायकों ने शुक्रवार सुबह इस मुद्दे पर झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

विधानसभा में भी भाजपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे की वजह से स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

काला कानून वापस लो के नारे से पूरी विधानसभा आज भी गूंजती रही। यह बिल गुरुवार को विधानसभा में भाजपा और आजसू पार्टी के विधायकों की गैरमौजूदगी में पारित किया गया था।

भारतीय जनता पार्टी और आजसू पार्टी के विधायकों ने इस बिल को काला कानून बताते हुए वेल में पहुंचकर विधेयक की प्रतियां फाड़ दी थीं और सदन का बायकॉट कर दिया था।

भाजपा के प्रदेश बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों प्रतिनिधिमंडल शक्रवार सुबह 10 बजे राज्यपाल से मिला और मांग की कि वह इस बिल को कानून को रूप लेने पर रोक लगाएं, क्योंकि इसके प्रावधानों की आड़ में अफसरों को राज्य के छात्र-युवाओं का जीवन बर्बाद करने का हथियार मिल जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में कुल 20 विधायक शामिल थे।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद मरांडी ने कहा कि नकल विधेयक एक काला क़ानून है, जिसका इस्तेमाल कर सरकार अपने विरुद्ध उठने वाली हर आवाज़ को दबाएगी। छात्रों के विरोध को इस कानून के आड़ में कुचला जाएगा और निर्दोष विद्यार्थियों का जीवन बर्बाद किया जाएगा। मुख्यमंत्री की यही मंशा है।

राज्यपाल से मिलने के बाद भाजपा विधायक एक साथ 11 बजकर 20 मिनट पर सनद पहुंचे। सदन में आते ही विधायक वेल में पहुंच गये और हंगामा शुरू कर दिया। वे रिपोर्टिंग टेबल पीटने लगे। कुछ विधायक वेल में पहुंचकर नियोजन नीति क्या हुआ के नारे लगाने लगे। इसी हंगामे के बीच स्पीकर प्रश्नकाल ले रहे थे।

हंगामे पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इनके नेता कौन हैं, इन्हें पता ही नहीं है।

सनद रहे कि विधानसभा से पारित इस बिल का नाम, झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम निवारण के उपाय) विधेयक, 2023 है। इसके प्रावधानों के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक करने पर कम से कम 10 साल और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा होगी। इसके अलावा दोषियों पर दस करोड़ तक जुर्माना लगाया जाएगा।

इसी तरह परीक्षाओं में नकल-कदाचार में पहली बार पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को एक साल और दूसरी बार इसी तरह का जुर्म साबित होने पर तीन साल तक की सजा हो सकेगी। उन पर पांच से दस लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

इतना ही नहीं, इन मामलों में बगैर प्रारंभिक जांच के एफआईआर और गिरफ्तारी का भी प्रावधान किया गया है।

पेपर लीक और किसी प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में भ्रामक जानकारी प्रचारित-प्रसारित करने वाले भी इस कानून के दायरे में आएंगे। यह कानून राज्य लोक सेवा आयोग, राज्य कर्मचारी चयन आयोग, भर्ती एजेंसियों, निगमों और निकायों द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में लागू होगा।

## असम में बिजली की चपेट में आने से तीन हाथियों की मौत



**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम में शुक्रवार को बिजली का झटका लगने से तीन हाथियों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना गुवाहाटी से लगभग 20 किमी दूर स्थित रानी चाय बागान में हुई।

कामरूप ईस्ट डिवीजन के प्रभागीय वन अधिकारी रोहिणी बल्लावे सैकिया ने बताया, एक मादा हाथी और दो बच्चे एक पेड़ को गिराने की कोशिश कर रहे थे, इस दौरान वह हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आ गए और दुर्भाग्य से उनकी मौत हो गई।

सैकिया के मुताबिक, घटना शुक्रवार सुबह 3.30 से 4 बजे के बीच हुई। अधिकारी ने कहा, हम तीनों हाथियों का पोस्टमार्टम करेंगे और बाद में प्रक्रिया के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। जंगली हाथी अक्सर भोजन की तलाश में जंगल से बाहर आते हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान असम में मानव-पशु संघर्ष बढ़ रहा है और इसके कारण कई लोगों की जान जा चुकी है।

## त्रिपुरा में डेंगू से 182 संक्रमित, प्रदेश भर में अलर्ट



**अगरतला (आरएनएस)।** त्रिपुरा में सिपाहीजला जिले के सीमावर्ती गांवों में अचानक डेंगू फैलने के कारण प्रदेश भर में अलर्ट जारी किये जाने के साथ ही अब तक 182 लोगों को इलाज के लिए अस्पतालों में लाया गया है। चिकित्सा निदेशक डॉ. सुप्रिया मलिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि सरकार ने बीमारी को रोकने के लिए सभी प्रयास किए हैं।

डॉ. मलिक ने बताया कि विशेषज्ञों ने गांव का दौरा किया और घर में एडीज़ मच्छरों की मौजूदगी पाई। खुले स्थानों पर पानी जमा होने और जमा पानी तथा रबर के बागानों में बड़ी संख्या में लार्वा पाए जाने के कारण एडीज मच्छरों का प्रजनन बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया कि डेंगू के मामलों की संख्या से निपटने के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। धनपुर के 37 डेंगू रोगियों को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें एक समर्पित कोविड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। यहां डेंगू के 158 सकारात्मक मामले थे जबकि पश्चिम त्रिपुरा के कंचनमाला, मोहनपुर और बामुटिया इलाकों में 24 मामले सामने आए।

इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से निपटने के लिए घर-घर परीक्षण तेज कर दिया है। राज्य सरकार ने अन्य उपायों के अलावा बंगलादेश से आने वाले यात्रियों पर निगरानी रखने के लिए पहले से ही राज्य के सभी सीमावर्ती भूमि बंदरगाहों पर चिकित्सा टीमें तैनात कर दी हैं।

## मणिपुर : भीड़ ने पुलिस चौकियों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद लूटा, पुलिसकर्मी की मौत



**इंफाल (आरएनएस)।** भीड़ ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में दो सुरक्षा चौकियों में तोडफ़ोड़ की और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद लूट लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिष्णुपुर जिले के कौट्रक में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई जब सशस्त्र हमलावर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शामिल हो गए।

बीती देर रात मणिपुर पुलिस के एक बयान में कहा गया कि भीड़ ने बिष्णुपुर में मणिपुर सशस्त्र पुलिस की दूसरी बटालियन के कीरेनफाबी पुलिस चौकी और थंगलावई पुलिस चौकी पर हमला किया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद ले गए। पुरुषों और महिलाओं की भीड़ ने उसी जिले के हिंगांग पुलिस स्टेशन और सिंगजामेई पुलिस स्टेशन से हथियार और गोला-बारूद छीनने का भी प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ दिया।

बयान में कहा गया है कि सशस्त्र हमलावरों और सुरक्षा बलों के बीच कौट्रक, हरओथेल और सेनजाम चिरांग इलाकों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी सहित दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी का जवाब दिया और हमलावरों को खदेड़ दिया।

बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों की सीमा पर फौगाकचाओ इखाई में 500-600 लोगों की अनियंत्रित भीड़ जमा होने पर सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें लगभग 25 लोगों को मामूली चोटें आईं।

पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग जगहों पर गोलीबारी की छिटपुट घटनाओं और अनियंत्रित भीड़ के जमा होने से राज्य में स्थिति अभी भी अस्थिर और तनावपूर्ण बनी हुई है। सुरक्षा बलों ने राज्य के संवेदनशील और सीमांत इलाकों में तलाशी अभियान चलाया और हमलावरों के सात अवैध बंकरों को नष्ट कर दिया।